विषयक। यह जैन विविध साहित्य शास्त्रमाला ३, बनारस १९१७ में प्रकाशित है। २—कवि शान्तिराज कृत स्वोपज्ञ टीका सहित पंचसंधान काव्य उपलब्ध है। जैन मठ कारकल (सा० क०) में इसकी दो पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध बतायी जाती हैं। अब तक यह प्रकाशित नहीं हुआ है (देखें, कन्नड प्रान्तीय ताड-पत्रीय ग्रन्थसूची, बनारस १९४८, पृष्ठ २९१)। ३—चिदम्बर कृत राघव-पाण्डवीय-यादवीय (विन्टरनित्ज हि० इं० लि० भाग ३, आई, पृष्ठ ८३) त्रिसन्धान काव्य है, प्रत्येक पद्यसे तीन अर्थ निकलते हैं—एक रामायण से सम्बन्धित, दूसरा महाभारत तथा तीसरा भागवतपुराणसे सम्बन्धित।

द्विसन्धानकी विशेष लोकप्रियता

द्विसन्धान पद्धति अपेक्षाकृत अधिक प्रचलित है और इसके कुछ नमूने हमारे समक्ष हैं। (१) नेमिनाथचरित एक साथ ऋषभ और नेमि जिनकी जीवनीको व्यक्त करनेवाला एक संस्कृत द्विसन्धानकाव्य है। धार नरेश भोजके समय १०३३ में द्रोणाचार्यके शिष्य सूराचार्यने इसकी रचना की थी (देखें जि० को० पृ० २१६)। (२) रामपालचरित काव्य सन्ध्याकरनन्दिने रचा है। इसके प्रत्येक पद्यके दो अर्थ हैं एक नायक नामसे सम्बन्धित, दूसरा राजा रामपालसे सम्बन्धित, जो ग्यारहवीं शताब्दीमें बंगालके शासक थे (विन्टरनित्ज, हि० इं० लि० भाग तीन, खण्ड १, पृष्ठ ८२)। (३) नाभेय-नेमिकाव्य (ईसवी बारहवीं शतीका प्रारम्भ अनुमानित) स्वोपज्ञ टीका युक्त एक द्विसन्धान काव्य है। इसके लेखक मुनिचन्द्र सूरिके प्रशिष्य तथा अजितदेव सूरिके शिष्य हेमचन्द्र सूरि हैं। कवि श्रीपालने, जो सिद्धराज तथा कुमारपाल राजाओंके समकालीन थे, इस रचनाको संशोधित किया था। इसमें ऋषभ तथा नेमि जिनके चरित्रका वर्णन है। (४) सूरि या पण्डित नामसे ज्ञात कविराज, जिनका सही नाम सम्भवतया माधव भट्ट था, कृत राघव-पाण्डवीय एक द्विसन्धान काव्य है। यह एक साथ रामायण तथा महाभारतकी कथा कहते हैं। जयन्तीपुरके कदम्बवंशीय नरेश कामदेव (११८२-९७ ई०) उनके आश्रयदाता थे, जिनकी उन्होंने खुलकर प्रशंसा की (१.१३)। उन्होंने उनकी तुलना धाराके मुंज (९७३-९५ ई०) से की है। उनका समय ईसाकी बारहवीं शतीका अन्तिम चरण माना जा सकता है। (५) हरदत्त जिनका समय निश्चित नहीं है, ने राघव-नैषधीयकी इस प्रकारकी पद्य रचना की है कि प्रत्येक पदके दो अर्थ है—एक रामसे सम्बन्धित, दूसरा नलसे सम्बन्धित। इस प्रकारकी कुछ और भी रचनाएँ हैं। (६) वेंकटाध्वरिन् कृत यादवराघवीय रामकी कथा कहती है, किन्तु उलटा पढ़नेपर कृष्ण कथा कहती है। (७) पार्वती रुक्मिणीयमें दो विवाहोंकी कहानी है—एक शिव और पार्वतीकी तथा दूसरी कृष्ण और रुक्मिणीकी (विंटरनित्ज, हि० इं० लि० भाग ३, आई, पृष्ठ ८३)।

धनंजय कृत द्विसन्धान

१—पाण्डुलिपियाँ तथा टीकाएँ—धनंजयकृत द्विसन्धानम् (द्विसं०) द्विसन्धानकाव्य अथवा राघव-पाण्डवीय (रा० पा०) यदि उपलब्ध सर्वाधिक प्राचीन द्विसन्धान न भी माना जाये तो भी प्राचीनोंमें-से एक अवश्य है। धनंजयके समय तक यह (द्विसन्धान) नाम पर्याप्त प्रचलित हो चुका होगा। इसकी पाण्डुलिपियाँ पर्याप्त मात्रामें उपलब्ध हैं (जि० को० पृ० १८५, क० ता० ग्र० पृ० १२१-२) इसकी कतिपय टीकाओं का भी पता चलता है।

१—विनयचन्द्रके प्रशिष्य देवनन्दिके शिष्य नेमिचन्द्र कृत पदकौमुदी।

२—पुष्पसेन शिष्य कृत टीका।

३—कवि देवर कृत टीका। वे रामघट (परवादि घरट्टके नामसे ख्यात) के पुत्र थे। यह उन्होंने अपने आश्रयदाता अरलु श्रेष्ठिन्के लिए लिखी थी। कहा जाता है कि इस टीका का नाम राघव पाण्डवीय-परीक्षा है। अरलु श्रेष्ठिन् कीर्ति कर्नाटकके एक बड़े व्यापारी तथा जैन धर्मके प्रति तीव्र आस्थावान् तथा जयाके पुत्र थे। उनमें नैसर्गिक अच्छे गुण थे तथा वे कवियोंके आश्रयदाता (संरक्षक) थे। देवरने प्रारम्भमें अमरकीर्ति, सिंहनन्दि, धर्मभूषण, श्री वर्धदेव तथा भट्टारकमुनिको नमस्कार किया है (जि० को०

पृ० १८५) तथा क० ता० ग्र० पृष्ठ १३१-२)। देवरकी टीकाकी एक प्रति ताडपत्र पर कन्नड लिपिमें जैन सिद्धान्त भवन, आरामें है (देखें, जैन हितैषी १५, पृ० १५३-५४)।

पूर्वप्रकाशन तथा यह संस्करण

धनंजय कृत द्विसन्धान सन् १८९५ में निर्णयसागर प्रेस, बम्बईसे काव्यमाला संख्या ४९ में बद्रीनाथकी टीका, जो कि विनयचन्द्रके प्रशिष्य तथा देवनन्दिके शिष्य नेमिचन्द्रकी टीकाका संक्षिप्तीकरण है, के साथ प्रकाशित हुआ था। प्रस्तुत संस्करणमें विनयचन्द्रके प्रशिष्य तथा देवनन्दिके शिष्य नेमिचन्द्र कृत पदकौमुदी टीका शामिल की गयी है। प्रत्यक्ष ही काव्यमाला संस्करणमें दी गयी बद्रीनाथकी टीका इस टीका पर आधारित है। सूक्ष्म रूपसे तुलना करने पर पता चलता है कि बद्रीनाथने कतिपय विस्तारको छोड़ दिया तथा संक्षिप्त किया और अपना ध्यान मूलकी व्याख्या करनेमें अधिक रखा।

धनंजयकी कृतियाँ

परम्परानुसार धनंजयकी तीन कृतियाँ मानी जाती हैं : (१) विषापहार स्तोत्र (२) नाममाला तथा (३) द्विसन्धान या राघव-पाण्डवीय।

विषापहारस्तोत्र (काव्यमाला ७, बम्बई १९२६) ऋषभजिन की स्तुतिरूप लिखित एक ४० पद्यों (३९ उपजाति तथा अन्तिम पुष्पिताग्रा) की धार्मिक स्तुति है। यह पूर्ण रूपसे सरल शब्दावलीमें प्रभावकारी कल्पना और उपमाओंमें रची गयी है। अन्तिम पद्य श्लेषसे धनंजयका नामोल्लेख करता हुआ इस प्रकार है :

वितरति विहिता यथाकथंचिज्जिन विनताय मनीषितानि भक्तिः।
त्वयि नुतिविषया पुनर्विशेषाद् दिशति सुखानि यशो धनं जयं च ॥४०॥

दक्षिण कर्नाटकमें मूडबिद्रीके जैन मठमें इसकी एक संस्कृत टीका उपलब्ध है (देखें, क० ता० ग्र० पृष्ठ १९२-३)। सम्भवतया इसका नाम इसके १४वें श्लोकके प्रथम शब्दसे पड़ा और इस पद्यके साथ एक अनुश्रुति सम्बद्ध हो गयी कि इसका पाठ विषका नाश करता है। इसके कुछ विचार संकेत जोकि अपनी संचेतनामें पर्याप्त रूपसे परम्परागत हैं, आदिपुराणमें जिनसेनने तथा, सोमदेवने यशस्तिलकमें ग्रहण किये हैं (देखें प्रेमी कृत जैन साहित्य और इतिहास, पृष्ठ १०९, ii बम्बई १९५६)।

नाममाला (भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, १९५०) जिसे कुछ पाण्डुलिपियोंमें धनंजय निघण्टु भी कहा गया है, पर्यायवाची शब्दोंका एक संस्कृत शब्दकोश है। इन्हींके नामसे एक अनेकार्थनाममाला भी मानी जाती है। नाममालाके अन्तमें निम्नलिखित तीन पद्य हैं—

प्रमाणमकलङ्कस्य पूज्यपादस्य लक्षणम्।
द्विसन्धानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ॥२०१॥
कवेर्धनंजयस्येयं सत्कवीनां शिरोमणेः।
प्रमाणं नाममालेति श्लोकानां हि शतद्वयम् ॥२०२॥
ब्रह्माणं समुपेत्य वेदनिनदव्याजात् तुषाराचल-
स्थानस्थावरमीश्वरं सुरनदीव्याजात्तथा केशवम्।
अप्यम्भोनिधिशायिनं जलनिधिध्वानोपदेशादहो,
फूत्कुर्वन्ति धनंजनस्य च भिया शब्दाः समुत्पीडिताः ॥२०३॥

कुछ हस्तलिखित प्रतियोंमें निम्नलिखित दो श्लोक सम्भवतया २०१ प्रमाण इत्यादिके बाद प्राप्त होते हैं :—

जाते जगति वाल्मीकौ शब्दः कविरिति स्मृतः।
कवी इति ततो व्यासे कवयश्चेति दण्डिनि ॥

कवयः कवयश्चेति बहुत्वं दूरमागतम् ।
विनिवृत्तं चिरादेतत् कलौ जाते धनंजये ॥

ये पद्य श्री एस० वी० वी० वीर राघवाचेरियरने अपने निबन्ध, जिसकी नीचे समीक्षा की गयी है, में पुनरुद्धृत किये हैं। यह एक मजेकी बात है कि पहला पद्य (तीसरे पादमें किंचित् अन्तरके साथ—व्यासे जाते कवी चेति) जल्हणने अपनी सूक्ति मुक्तावलि (बड़ौदा १९३८) में कालिदासका बताया है। इसमें दण्डिका सन्दर्भ है इसलिए यह कालिदासका बनाया नहीं हो सकता।

द्विसन्धानकी रचनासे धनंजयको कवि-योग्यताएँ प्रमाणशास्त्रमें अकलंक तथा व्याकरणमें पूज्यपादके समकक्ष सिद्ध होती हैं, एक वास्तविक रत्नत्रय, सभी विशिष्ट तथा अप्रतिम। इन पद्योंमें तनिक भी सन्देह नहीं रहता कि द्विसन्धान तथा नाममालाका लेखक एक ही व्यक्ति है। यह स्वाभाविक है कि एक कवि जिसका संस्कृत शब्दोंके समुद्रपर अधिकार हो, वह द्विसन्धान काव्य सहज ही लिख सकता है।

धनंजयका व्यक्तिगत परिचय

धनंजयने अपनेको अकलंक तथा पूज्यपादके समकक्ष बतानेके अतिरिक्त अन्य कोई परिचयात्मक जानकारी नहीं दी। द्विसन्धानकी टीकामें नेमिचन्द्रने द्विसन्धान सर्ग १८, श्लोक १४६ जिसमें अत्यधिक श्लेष है, के आधारपर निम्नलिखित परिचयात्मक विवरण निकाला है। धनंजय वासुदेव तथा श्रीदेवीके पुत्र थे। उनके गुरुका नाम दशरथ था। वे दशरूपकके लेखकसे भिन्न हैं।

धनंजय तथा उनकी कृतियोंके विषयमें सन्दर्भ

धनंजय तथा उनके काव्यको पर्याप्त प्रशंसा प्राप्त हुई है और उनकी कविताको वह वैशिष्ट्य प्राप्त हुआ है कि वह द्विसन्धान कवि कहलाने लगे। द्विसन्धान शब्द या नाम दण्डि (७वीं शताब्दी अनुमानित) जितना प्राचीन तो प्रतीत होता ही है, तथा भोजके निम्नलिखित उद्धरण स्पष्ट बताते हैं कि धनंजयकी तरह दण्डिने भी द्विसन्धान प्रबन्ध रचा था, जो यद्यपि हमें उपलब्ध नहीं हुआ। सम्भवतया काव्यादर्श और दश-कुमारचरितके अतिरिक्त यह उनका तीसरा ग्रन्थ था।

जैसा कि आर० जी० भण्डारकर (नीचे देखें) ने स्पष्ट किया है कि वर्धमान (११४१-११४९ ई०) ने अपने गुणरत्नमहोदधि पृष्ठ ४३५, ४०९ तथा ९७ एगलिंग एडीशनमें धनंजय कृत द्विसन्धानके पद्य ४।६, ९।५१ तथा १८।२२ उद्धृत किये हैं।

भोज (११वीं शती ईसवीका मध्य) के अनुसार द्विसन्धान उभयालंकारके कारण होता है। यह तीन प्रकारका है—वाक्य, प्रकरण तथा प्रबन्ध। प्रथम वाक्यगत श्लेष है, द्वितीय अनेकार्थक स्थिति है तथा तीसरा राघवपाण्डवीयकी तरह पूरा काव्य दो कथाओंको कहने वाला है। भोजने यहाँ एक महत्त्वपूर्ण सूचना दी है कि दण्डिने रामायण तथा भारतकी कथा पर द्विसन्धान काव्यकी रचना की थी।

तृतीयस्य यथा दण्डिनो धनंजयस्य वा द्विसन्धानप्रबन्धौ रामायणमहाभारतार्थावनुबध्नाति। जिल्द २, पृष्ठ ४४४ (वी० राघवन्, भोजकृत—शृंगारप्रकाश, पृ० ४०६, मद्रास, १९६३) हमारे लिए सर्वाधिक रुचिकर यह है कि भोजने धनंजय और उनके द्विसन्धानका उल्लेख किया है। साथ साथ दण्डिके द्विसन्धान-प्रबन्ध का उल्लेख है।

प्रभाचन्द्र (११वीं शती ईसवी) अपने प्रमेयकमलमार्तण्ड (निर्णयसागर संस्करण, बम्बई १९१२, पृ० ११६, पंक्ति एक, बम्बई १९४१ पृ० ४०२)।

ननु व्याकरणाद्यभ्यासाल्लौकिकपदवाक्यार्थप्रतिपत्तौ तदविशिष्टवैदिकपदवाक्यार्थप्रतिपत्तिरपि प्रसिद्धेर-श्रुतकाव्यादिवत्। तत्र प्रतिपत्तावतीन्द्रियार्थदर्शिना किंचित्प्रयोजनमित्यप्यसारम्। लौकिकवैदिकपदानामेकत्वे-प्यनेकार्थत्वव्यवस्थितेरन्यपरिहारेण व्याचिख्यासितार्थस्य नियमयितुमशक्तेः। न च प्रकरणादिभ्यस्तन्नियमस्तेषा-मप्यनेकप्रवृत्तिर्द्विसन्धानादिवत्।

वादिराजने १०२५ ई० में लिखे अपने पार्श्वनाथचरित (बम्बई, १९२६) में धनंजय तथा एकसे अधिक सन्धानमें उनकी प्रवीणताका उल्लेख किया है (१।२६)।

अनेकभेदसंधाना खनन्तो हृदये मुहुः ।
बाणा धनंजयोन्मुक्ताः कर्णस्येव प्रियाः कथम् ॥

जैसा कि के० बी० पाठकने स्पष्ट किया है, दुर्गसिंह (१०२५ ई० अनुमानित) ने अपने कन्नड़ पंचतन्त्र (मैसूर १८९८) में धनंजयके राघवपाण्डवीयका इन शब्दोंमें उल्लेख किया है—

अनुपमकविव्रजं जो-
येने राघवपाण्डवीय पेळदु यशो-
वनिताधीश्वरनादं
धनंजयं वाग्वधूप्रियं केवळने ॥८॥

डॉक्टर बी० एस० कुलकर्णी, धारवाड़, ने सूचित किया है कि आरा स्थित पंचतन्त्रकी ताडपत्रीय प्रतिमें पूर्ववर्ती कवियोंका उल्लेख करने वाले ये सब पद्य नहीं हैं।

विद्वानोंमें इस विषयमें मतभेद है कि एक ही नागवर्मा हुए अथवा विभिन्न समयोंमें दो नागवर्मा (९९० तथा ११४५ ई० अनुमानित)। उनके बताये जाने वाले इस या उस ग्रन्थोंके नामसे (कर्णाटक कविचरित, बेंगलोर, १९६१, पृ० ५३, १५४ इ०) कन्नड़में छन्दशास्त्र पर लिखित उनके छन्दोम्बुधि ग्रन्थमें निम्नलिखित पद्य मिलते हैं।

जितबाणं हरियंतवःकृतमयूरं तारकारातियंततिमाघं शिशिरांत्यदंते सुरपप्रोच्चंडकोदंडदं- ।
ते तिरोभूतगुणाढ्यनब्जवनदंताविर्भवद्‌डिभारतदंतात्तधनंजयैकविभवं वाग्गुंफदोलनाकिगं ॥

यहाँ पूर्वकवियोंमें धनंजयका उल्लेख किया गया है। आर० नरसिंहाचार्यका मत है कि यह द्विसन्धान के रचयिता धनंजयका उल्लेख है, किन्तु ए० वेंकटसुब्बय्याका मत है कि दशरूपककार धनंजयका उल्लेख अभिप्रेत है।

जल्हण (१२५७ ई० अनुमानित) ने अपनी सूक्तिमुक्तावलीमें राजशेखर (९०० ई० अनुमानित) के मुँहसे धनंजयके विषयमें निम्नलिखित पद्य कहा है (गा० ओ० सी० सं०, ८२, बडोदा १९३८, पृष्ठ ४६)

द्विसन्धाने निपुणतां स तां चक्रे धनंजयः ।
यया जातं फलं तस्य सतां चक्रे धनंजयः ॥

यह लेखकके नामका धन तथा जय रूपमें पृथक्करण ठीक वैसा ही है जैसा स्वयं धनंजयने अपने काव्यमें किया है।

जैसा कि डॉ० हीरालाल जैनने षड्खण्डागम धवलाटीका सहित, जिल्द १, अमरावती १९३८, प्रस्तावना पृ० ६२, वीरसेन (वही जिल्द ६, पृ० १४) ने इति की व्याख्यामें उपयोगी एक पद्य उद्धृत किया है। यह ठीक वैसा ही है जैसा धनंजयकृत नाममाला का ३९वाँ पद्य।

धनंजयका समय

उपर्युक्त सन्दर्भ हमें धनंजयका समय निर्धारित करनेमें मदद करते हैं। अकलंक (७-८वीं शती ईसवी) तथा वीरसेन जिन्होंने ८१६ ईसवीमें अपनी धवला टीका पूर्ण की थी, के मध्यमें हुए। धनंजयका समय ८०० ईसवी अनुमानित निर्धारित किया जा सकता है। किसी भी प्रकार वह भोज (११वीं शतीका मध्य) जिन्होंने स्पष्ट रूपसे उनका तथा उनके द्विसन्धानका उल्लेख किया है, से बादके नहीं हो सकते।

द्विसन्धानकाव्य

धनंजयकृत द्विसन्धानमें १८ सर्ग हैं तथा कुल श्लोक संख्या ११०५ जो कि विभिन्न छन्दोंमें लिखे गये हैं (सूची अन्तमें)। प्रारम्भिक मंगल पद्यमें मुनिसुव्रत या नेमिका स्मरण किया है, उसके बाद सरस्वती की प्रशंसा की गयी है। दिगम्बर जैन लेखकोंकी यह सामान्य प्रवृत्ति है कि कथा राजा श्रेणिकके लिए गौतम द्वारा कही गयी बतायी जाती है। लेखकने घटनाओंके वर्णन की अपेक्षा विशिष्ट वर्णनों पर अधिक बल दिया है। अधिकांश श्लोक अलंकारयुक्त हैं और टीकाकारने उनको पूरी तरह अंकित किया है। अन्तिम अध्याय

(विशेष रूपसे श्लोक संख्या ४३ से आगे) में लेखकने अनेक शब्दालंकारोंका चित्रांकन किया है, जैसा कि भारवि, माघ तथा अन्य कवियोंमें समान रूपसे मिलता है; श्लोक संख्या १४३ सर्वगत प्रत्यागतका उदाहरण है। यह मान कर कि सर्गोंके अन्तमें दिये हुए पुष्पिकावाक्य (१, २, १६वें सर्गोंमें उपलब्ध नहीं हैं) लेखकके स्वयंके हैं, यह स्पष्ट है कि उन्होंने अपना नाम धनंजय, या धनंजय कवि, अथवा द्विसन्धान-कवि दिया है तथा अपनी कृतिको द्विसन्धान काव्य अथवा अपर नाम राघवपाण्डवीय महाकाव्य कहा है। प्रत्येक सर्गके अन्तमें अन्तिम पद्यमें श्लेषसे अपना नाम धनंजय दिया है जैसा कि विषापहार स्तोत्रमें। इसका अनुकरण राजशेखरके नामसे अभिहित पद्यमे जल्हणने किया है।

यदि द्विसन्धान नाम रचना पद्धतिको व्यक्त करता है, जैसे प्रत्येक श्लोकके दो अर्थ या व्याख्या की जा सकती है, तो दूसरा नाम राघवपाण्डवीय काव्यकी विषयवस्तुका आभास देता है कि यह एक साथ राम तथा पाण्डवोंकी कथा कहता है। इन दोनोंसे सम्बद्ध कथा-परम्परा भारतीय सांस्कृतिक विरासतका एक ऐसा अपरिहार्य अंग है कि कोई भी कवि जो एक साथ दो विषय लेना चाहता है, उस ओर अभिमुख होता है, विशेषतया इसलिए कि उन दोनोंका वर्णन करने वाले तथा वैकल्पिक चुनाव प्रस्तुतिकरणके लिए बड़ी संख्यामें विस्तृत विवरण प्रदान करने वाले महाकाव्य उपलब्ध हैं। राघवपाण्डवीय नाम पर्याप्त प्रचलित है। धनंजयके अतिरिक्त कविराज, श्रुतकीर्ति आदि कवियोंने इसे चुना है तथा इसी तरहके शीर्षक राघव-यादवीय, राघव-पाण्डव-यादवीय उपलब्ध हैं।

धनंजयके काव्यका प्रथम शीर्षक द्विसन्धान है और दण्डिके बाद वह इस विधाके पुरस्कर्ता प्रतीत होते हैं : राघव-पाण्डवीय मात्र दूसरा शीर्षक है।

धनंजय तथा कविराज कृत राघव-पाण्डवीय

धनंजय तथा कविराजके काव्यकी तुलना रुचिकर है। धनंजयके काव्यका एक नाम राघव-पाण्डवीय है जो कि कविराजके काव्यका मूल शीर्षक है। धनंजयके काव्यमें अठारह सर्ग तथा ११०५ पद्य हैं, जब कि कविराजके काव्यमें तेरह सर्ग तथा ६६४ पद्य हैं। धनंजयने श्लेषसे अपने नामका उल्लेख किया है जब कि कविराजने प्रत्येक सर्गके अन्तिम पद्यमें अपने आश्रयदाता कामदेवका नामोल्लेख किया है। वास्तवमें उनका काव्य कामदेवांक है। इन दोनों काव्योंकी विषयवस्तुकी पूर्ण तुलना एक प्रबन्धका विषय है। साधारणतया पढ़ने पर लगता है कि इन दोनों काव्योंमें कोई बहुत बड़ी समानता नहीं है। धनंजयमें वर्णन अधिक है जब कि कविराजने श्लेषकी बाध्यताके बावजूद अपनी कथाके विवरणोंको सफलतापूर्वक अभिव्यक्त किया है (देखें १.५४, ६९ आदि)। जहाँ तक श्लेषका सम्बन्ध है कविराज भाषा पर अधिक योग्यता तथा अधिकार व्यक्त करते हैं। धनंजयका काव्य सर्वोच्च काव्यका प्रतीक स्मारक कहा जाता है, निःसन्देह उनका पाण्डित्य विशाल है, विशेषरूपसे नीतिशास्त्रका और उनके कतिपय अर्थान्तरन्यास वास्तवमें गम्भीर एवं प्रभावकारी हैं। कविराजकी शैली सहज तथा संक्षिप्त है जबकि धनंजयने प्रायः कठिन संस्कृत लिखी है, जिसे समझनेके लिए प्रायः प्रयत्नकी अपेक्षा होती है। उनके वर्णनोंकी प्रस्तुतिमें द्व्यर्थक श्लोक बहुत कम हैं जब कि कविराजकी रचनामें यह सामान्य बात है। जहाँ तक हमने देखा है इन दोनों काव्योंमें किंचित् ही ऐसा होगा जिसे एक दूसरेका अनुकरण कहा जा सके।

श्रुतकीर्ति और उनका राघव-पाण्डवीय

एक और कवि हैं श्रुतकीर्ति त्रैविद्य जिन्होंने गत-प्रत्यागत पद्धतिसे राघव-पाण्डवीयकी रचना की, जो विद्वानोंके लिए आश्चर्य और औत्सुक्यकी वस्तु है, जैसा कि नागचन्द्र या अभिनव पम्पने अपने कन्नडमें लिखित रामचन्द्रचरित पुराण (पाण्डुलिपि) या पम्परामायण (१.२४-५, बंगलोर, १९२१) लिखा है—

आर्वो वादिकथात्रयप्रवणदोळ् विद्वज्जनं मेच्चे वि-
धावष्टंभमनप्पुकेय्दु परवादिक्षोणिभृत्पक्षभं।
देवेंद्रं कडितंदर्दिदे कडिदं स्याद्वादविद्यास्त्रदिं
त्रैविद्यश्रुतकीर्ति दिव्यमुनिवोल् विख्यातियं ताळ्दिदं ॥२४॥

श्रुतकीर्तित्रैविद्यव्रति राघवपाण्डवीयमं विबुधचमत्-
कृतियेनिसि गतप्रत्या-
गतदिं तेळ्दमळकीर्तियं प्रकटिसिदं ॥२५॥

ये दो पद्य श्रवणबेलगोलके एक शिलालेख संख्या ४० सी ६४, सन् ११६३ ई० में उद्धृत हैं। इन श्रुतकीर्ति त्रैविद्यका उल्लेख तेरदालके ११२३ ईसवीके एक शिलालेखमें है—

पतु परवादीभपंचाननर सधर्म्मरु। श्रुतकीर्तित्रैविद्यव्रतिपर् श्रुतवर्कंकर्कशरु परवादिप्रतिभाप्रदीपपवनर् जतदोषर् नेगळ्दरखिलभुवनान्तरदोळु।

राजा गोंकने कोल्लागिरि या कोल्हापुरके माघनन्दि सैद्धान्तिकके (निम्ब सामन्तके गुरु) लिए भेजा था तथा उनके साथी कनकनन्दो तथा श्रुतकीर्ति त्रैविद्य थे। कोल्हापुरसे प्राप्त ११३५ ईसवीके एक अन्य शिलालेख (एपिग्राफिया इंडिका, जिल्द १९, पृष्ठ ३०, जैन शिलालेख संग्रह भाग ४, बनारस १९६४, पृष्ठ १६२-६६) में श्रुतकीर्तिका उल्लेख कोल्हापुरकी रूपनारायण बसदिके आचार्य रूपमें हुआ है—

शकवर्षद सासिरदय्वत्तेंटनेय राक्षससंवत्सरद कार्तिकबहुलपंचमिसोमवारदंदु श्रीमूळसंघदेसीयगण पुस्तकगच्छद कोल्लापुरद श्रीरूपनारायणबसदियाचार्यरप्प श्रीश्रुतकीर्तित्रैविद्यदेवर कालं कर्चि—इत्यादि।

नागचन्द्रने उन्हें व्रती कहा है। उसी तरह तेरदाल शिलालेखमें भी। अर्थात् ११२३ ईसवीमें वे व्रती थे किन्तु ११३५ ईसवीमें एक आचार्यकी प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके थे। विद्वानोंकी रायमें (आर० नरसिंहाचार्य, कर्नाटक कविचरित भाग १, बेंगलोर १९६१, पृष्ठ ११० इ०) नागचन्द्र ११०० ईसवीके लगभग हुए। इसका तात्पर्य यह हुआ कि श्रुतकीर्तिका समय ११०० से ११५० ईसवीके मध्य अनुमानित किया जा सकता है। अभी तक उनके राघव-पाण्डवीयकी कोई पाण्डुलिपि उपलब्ध नहीं हुई।

के० बी० पाठक धनंजय तथा श्रुतकीर्तिकी एकता श्रुतकीर्तिके राघवपाण्डवीयसे निश्चित करनेवाले प्रथम व्यक्ति थे। आर० जी० भण्डारकरने इसे स्वीकार करनेमें संकोच ठीक ही व्यक्त किया है। किन्तु इस समानताके आधारपर प्रस्तावित धनंजयके समयकी बातमें पर्याप्त वजन है।

धनंजय तथा उनका द्विसन्धान या राघव-पाण्डवीय श्रुतकीर्ति और उनके राघव-पाण्डवीयसे भिन्न हैं: सर्वप्रथम क्योंकि धनंजय एक गृहस्थ थे जब कि श्रुतकीर्ति एक व्रतिन् तथा बादमें एक आचार्य। दूसरे, न तो धनंजय ही न अन्य स्रोत जो श्रुतकीर्तिका उल्लेख करते हैं, ऐसा प्रमाण देते हैं कि दोनों नाम एक ही कविके हैं। तीसरे धनंजयकी नाममालासे वीरसेन (८१६ ईसवी) ने एक पद्य उद्धृत किया है तथा उनके द्विसन्धानका विशेष रूपसे धनंजयके नामोल्लेखके साथ भोजने (१०१०-६२ ईसवी अनुमानित) उल्लेख किया है, जब कि श्रुतकीर्तिका समय ११०० से ११५० ठहरता है। अन्ततः, यदि धनंजयका द्विसन्धान दण्डिकी समकक्षताके लिए प्रसिद्ध है और भोज (ग्यारहवीं शतीका मध्य) के द्वारा उल्लेख किया जा सकता है तो निश्चय ही यह श्रुतकीर्ति, जो ११३५ ईसवी में आचार्य थे, की रचना नहीं हो सकती। इसलिए इस एकताका कोई आधार नहीं है, और इसलिए इस एकताके आधार पर धनंजयका समय ११२३-४० ईसवी निर्धारित नहीं किया जा सकता।

धनंजयके अध्येता

धनंजय तथा उनके द्विसन्धानने बहुत पहलेसे ही विद्वानोंका ध्यान आकर्षित किया है। यह आवश्यक है कि विस्तारसे उनके मन्तव्योंको यहाँ प्रस्तुत किया जाये तथा उपर्युक्त प्रमाण सामग्रीके सन्दर्भमें जाँचा-परखा जाये।

पाठक द्वारा श्रुतकीर्ति तथा धनंजयकी एकता

के० बी० पाठकने इंडियन एन्टीक्वेरी जिल्द १४, पृष्ठ १४-२६ में तेरदालके एक कनड़ी शिलालेखका का सम्पादन किया है। पैंतीसवीं पंक्तिमें उन्हें श्रुतकीर्ति त्रैविद्यका नाम मिला। अभिनव पम्पने श्रुतकीर्ति त्रैविद्यका उल्लेख राघवपाण्डवीयके लेखकके रूपमें किया है। मेघचन्द्रने समाधिशतक पर कन्नड भाषामें पम्प-

के सुपुत्रके निमित्त एक टीका लिखी और मेघचन्द्रके पुत्र (१) वीरनन्दिने शक सं० १०७६ में अपने आचार-सारकी रचना समाप्त की। इस उल्लेखके आधारपर पाठक पम्पका समय शक सं० १०७६ के कुछ पूर्वका स्वीकार करते हैं। तेरदाल शिलालेख, जिसमें श्रुतकीर्ति त्रैविद्यका नाम उल्लिखित है, का समय शक सं० १०४५ है। "इसमें और आचारसारके रचनाकालमें इक्कीस वर्षका अन्तर है। श्रुतकीर्ति त्रैविद्यने शक सं० १०४५ के बाद ही अपने ग्रन्थका निर्माण अवश्य कर लिया होगा।" परन्तु चूंकि कविने अपना वास्तविक नाम रचनासे सम्बद्ध नहीं किया, राघवपाण्डवीयका लेखक अज्ञात रहा होगा, यहाँ तक कि अपने समकालीनों-को भी इस बातसे परिचित नहीं कराया। और पम्प, जो जैन और कविके रूपमें उससे अवश्य परिचित रहा होगा, ने उसके रचयिताके विषयमें यह महत्त्वपूर्ण तथ्य सुरक्षित हुआ। यहाँ फुटनोटमें के० बी० पाठकने लिखा है कि राघवपाण्डवीय नामके दो संस्कृत काव्य उपलब्ध हैं एक ब्राह्मण और दूसरा जैन। परन्तु उपर्युक्त जैन संस्कृत काव्य, जिसका रचयिता पम्पने श्रुतकीर्ति त्रैविद्यको बताया, ब्राह्मण संस्कृत काव्यकी अपेक्षा लम्बा है। और वह धनंजयकी रचनाके रूपमें प्रसिद्ध है यहाँ आठवें अध्यायकी पुष्पिका और प्रथम अध्यायका अन्तिम पद प्रस्तुत किया गया है।" इससे स्पष्ट है कि श्रुतकीर्ति त्रैविद्य और धनंजय एक ही व्यक्तित्व और कृतित्वके दिग्दर्शक हैं। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं कि धनंजय कोशके रचयिता कर्णाटकके दिगम्बर जैन हैं।

पाठकका निष्कर्ष तथ्य संगत दिखाई नहीं देता। उनसे निर्णयमें कुछ त्रुटियाँ प्रतीत होती हैं। लगता है कि वे धनंजयको तो रचयिता मानते हैं और श्रुतकीर्तिको धनंजयकी उपाधि स्वीकार करते हैं। परन्तु द्विसन्धान काव्यमें उन्होंने कहीं भी इस श्रुतिकीर्ति त्रैविद्य जैसी उपाधिका उल्लेख नहीं किया है। यहाँ तक कि नाममालामें भी इसका कोई जिक्र नहीं जिसे पाठक धनंजयकी रचना मानते हैं। दूसरे त्रैविद्य एक उपाधि है जो आगम, तर्क और व्याकरणमें दक्षता पाने की सूचिका है परन्तु श्रुतकीर्ति इस प्रकारकी कोई उपाधि नहीं, उसे तो अनेक जैनाचार्योंने अपने नियमित नामके रूपमें स्वीकारा है। अतएव धनंजय और श्रुतकीर्तिको एक मानना युक्तियुक्त नहीं। कविराजके समान श्रुतकीर्ति त्रैविद्यने भी सम्भवतः राघवपाण्डवीय लिखा होगा वह हमें उपलब्ध नहीं। परन्तु उसे धनंजयके राघवपाण्डवीयसे पृथक् ही मानना होगा। क्योंकि धनंजय और श्रुतकीर्तिको एक व्यक्तित्व माननेके लिए कोई प्रमाण हमारे पास नहीं है। तीसरे, श्रुतकीर्ति तेरदाल शिलालेख और पम्पके कथनानुसार व्रती था और बादमें कोल्हापुर शिलालेखमें इन्हें आचार्यके रूपमें स्मरण किया है। परन्तु उपलब्ध प्रमाणोंसे यह हम जानते हैं कि धनंजय गृहस्थ थे, मुनि नहीं। उन्होंने अपनी ऐसी किसी परम्पराका भी उल्लेख नहीं किया और श्रुतकीर्तिके राघवपाण्डवीयके सन्दर्भमें अभिनव पम्प द्वारा प्रस्तुत वर्णन धनंजयके द्विसन्धान काव्यसे मेल नहीं खाता। श्रुतकीर्तिका राघवपाण्डवीय, गत-प्रत्यागत प्रकारका है जब कि धनंजयका द्विसन्धान इस प्रकारका नहीं, उसमें तो गत-प्रत्यागत प्रकारके एक दो पद्य ही प्राप्त हैं। इस प्रकार, जैसा स्पष्ट है, वीरसेनने नाममालासे एक पद्य उद्धृत किया है, और भोजने धनंजय और द्विसन्धानका उल्लेख किया है, श्रुतकीर्ति और धनंजय एक सिद्ध नहीं होते।

भण्डारकर द्वारा मान्य धनंजयका काल

आर० जी० भण्डारकर (रिपोर्ट आन द सर्च फार मैनुस्क्रिप्ट्स इन द बाम्बे प्रेसीडेंसी ड्युरिंग द इयरस १८८४-८५, १८८५-८६, तथा १८८६-८७, बम्बई, १८९४) ने धनंजय नामक एक दिगम्बर जैनके काव्यकी दो प्रतियोंका उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि प्रथम भागके अन्तिम पद्यमें रच-यिताको कवि कहा गया है। उन्होंने बादके पद्यको भी उद्धृत किया है, जिसमें कहा गया है कि "अकलंक की तर्कपद्धति, पूज्यपादका व्याकरण और द्विसन्धानके कविका काव्य ये त्रिरत्न हैं।" उन्होंने यह कह कर निष्कर्ष निकाला है कि संस्कृत कोषका रचयिता द्विसन्धानका भी रचयिता है। "काव्यका प्रत्येक पद्य द्व्यर्थक है, दो प्रकारकी अर्थ-प्रस्तुतिको द्विसन्धान कहा जाता है।" उनके समक्ष काव्यकी दो प्रतियाँ (नवम्बर ११४२ और ११४३) रहीं जिनमें दूसरी प्रति नेमिचन्द्रकी टीका सहित हैं। उन्होंने भी लिखा है कि वर्धमान (संवत् ११७९—सन् ११४७) ने अपने गणरत्न महोदधि (१०.५१,

१८.२२, ४.६) में द्विसन्धानको उद्‌धृत किया है (एगलिंगसंस्करण, पृष्ठ ९७,४०९,४३५)।" काव्यका सही शीर्षक है—राघव-पाण्डवीय : प्रत्येक पद्यमें दो अर्थ हैं, प्रथम अर्थ महाभारत कथानकसे सम्बद्ध है और दूसरा रामकथाको व्यक्त करता है।" चूँकि जैनाचार्योंने ब्राह्मण लोक-साहित्य (profane literature) का अनुकरण किया है, और हम जैनोंके मेघदूतसे परिचित हैं, यह कल्पना निरर्थक नहीं होगी कि धनंजयने राघव-पाण्डवीयकी कथा कविराज नामक किसी ब्राह्मण कविसे ली है। कविराजका समय धाराधीश मुंजके बाद होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपने संरक्षक जयन्तीपुरीके कामदेवकी तुलना मुंज|(मृत्यु ९९६ में हुई) से की है। वर्धमानका काल ११४७ है। अतएव भण्डारकर कविराज और धनंजयको सन् ९९६ और ११४७ के बीच रखते हैं, "यदि अनुकरणकी कल्पनाको सत्य माना जाये तो कविराजको धनंजयसे अवस्थामें बड़े होना चाहिए। भण्डारकरने पाठकके मतपर भी विचार किया है। उन्होंने लिखा है : ऐसा कोई प्रमाण नहीं जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रुतकीर्ति और धनंजय एक हैं। परन्तु समकालीन पम्पके पुत्रके समयके आधारपर पूर्व निर्णीत समय सही बैठता है और निष्कर्ष दो व्यक्तित्वों और काव्योंको पृथक् स्वीकार करनेके विपरीत नहीं पहुँचता।"

भण्डारकरके मतकी समीक्षा

आर० जी० भण्डारकर अपने मतकी अभिव्यक्तिमें अत्यन्त सावधान रहते हैं। उन्होंने धनंजय और श्रुतकीर्तिको एक माननेमें पूर्ण स्वीकृति व्यक्त नहीं की। उनका यह दृष्टिकोण एक सामान्य कथनके रूपमें स्वीकार किया जा सकता है कि जैनाचार्योंने अपने कथा-साहित्यमें ब्राह्मण कथा-साहित्यका अनुकरण किया है, परन्तु धनंजयने कविराजका अनुकरण किया है। यह तथ्य किसी विशेष प्रमाणपर आधारित होना चाहिए। यहाँ भी भण्डारकर आग्रह करते हुए दिखाई नहीं देते, क्योंकि वे कहते हैं, "यदि अनुकरणकी कल्पना सही है।" यदि धनंजयने किसीका अनुकरण किया है तो अब यह कहा जा सकता है कि उनके समक्ष दण्डीका द्विसन्धान रहा होगा जिनका उल्लेख एक नीचेके पद्यमें किया गया है। भण्डारकरका यह निष्कर्ष सही है कि कविराज मुंज (९९६ ई०) के उत्तरवर्ती और धनंजय ११४७ ई० के पूर्ववर्ती रहे होंगे। नये तथ्योंके आधारपर यह कहा जा सकता है कि धनंजय भोजके पूर्ववर्ती होंगे और कविराजका समय बारहवीं शताब्दीके अन्तिम चरणमें नियोजित किया जा सकता है।

पाठक द्वारा स्वमतकी पुनरुक्ति

प्रो० मेक्समूलरके उत्तरमें के० बी० पाठकने १९७० में "द जैन पोइम राघवपाण्डवीय ए रिप्लाई टू प्रो० मेक्समूलर" शीर्षक एक और शोधपत्र प्रकाशित किया ("द जर्नल आव द बाम्बे ब्रांच आव द रायल एशियाटिक सोसाइटी जिल्द २१, पृष्ठ १,२,३, बम्बई १९०४) उन्होंने अपनी पूर्व विचारधाराको आगे बढ़ाते हुए कहा कि तेरदाल शिलालेखके माघनन्दि सैद्धान्तिक श्रवणबेलगोलके शिलालेख नम्बर ४०में उल्लिखित किये गये हैं। उन्होंने यह बताया कि पम्पके पद्य श्रवणबेलगोल शिलालेखमें भी पाये जाते हैं। श्रुतकीर्ति त्रैविद्य और देवकीर्ति (मृत्यु शक सं० १०८५) साथी—समकालीन होना चाहिए। उन्होंने अधोलिखित गणना सम्बन्धी तथ्य हमारे समक्ष प्रस्तुत किये हैं—

१. तेरदाल शिलालेख शक सं० १०४५ में श्रुतकीर्ति त्रैविद्यका उल्लेख करता है परन्तु राघव-पाण्डवीयके रचयिताके सन्दर्भमें वह मौन है।

२. अभिनव पम्प शक सं० १०६७ में श्रुतकीर्ति त्रैविद्यके काव्यका उल्लेख करता है।

३. श्रवणबेलगोल शिलालेख (नं० ४०, शक सं० १०८५) अभिनव पम्पके पद्योंको श्रुतकीर्ति त्रैविद्यके पद्य रूपमें उल्लेख करता है और श्रुतकीर्तिकी पहचान तेरदाल शिलालेखमें उल्लिखित श्रुतकीर्तिसे करता है।

इन कारणोंसे पाठक इस निष्कर्षपर पहुँचे कि श्रुतकीर्तिका ग्रन्थ शक सं० १०४५ में लिखा नहीं गया जब कि शक सं० १०६७ और १०८५ के बीच वह एक प्रसिद्ध काव्य माना जाता था। यह भी उल्लेखनीय

है कि पम्प उसे विद्वत्ताका आश्चर्यकारी नमूना मानता है जिससे श्रुतकीर्तिने सुप्रसिद्धि अर्जित की। इन कथनोंसे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पम्प केवल एक जैनकाव्यसे परिचित थे और वह था सभी द्वारा प्रशंसित राघवपाण्डवीय। पाठकने यह भी देखा कि वर्धमान (वि० सं० ११९७ अथवा शक सं० १०६२) किस प्रकार अपने गणरत्नमहोदधिमें धनंजयके राघवपाण्डवीयका अनेक बार उद्धरण देते हैं और किस प्रकार चालुक्य नृपति जगदेवमल्ल द्वितीय (शक सं० १०६-७२ (१) का समकालीन दुर्गसिंह यह कहता है कि धनंजय राघवपाण्डवीयकी रचनासे बृहस्पति हो गये। यह कथन श्रुतकीर्तिके ग्रन्थके सन्दर्भमें होना चाहिए जिनका समय शक सं० १०४५ सिद्ध है। ऐसी कल्पना निरर्थक सिद्ध होगी कि अल्प समयमें शक सं० १०४५ और १०६२ के बीच समान शीर्षक वाले द्व्यर्थक काव्य दिगम्बर जैन सम्प्रदायके दो कवियोंने रचे होंगे। यदि ऐसा होता तो श्रुतकीर्तिका ग्रन्थ शक सं० १०६० में विद्वत्ता की आश्चर्यकारी कृतिके रूपमें माना जाना समाप्त हो जाता। अतएव यह स्पष्ट है कि धनंजय श्रुतकीर्तिका द्वितीय नाम था और उनके ग्रन्थका रचनाकाल शक सं० १०४५ से १०६२ के बीच निर्धारित किया जा सकता है।

पाठकके मतकी दुर्बलताएँ

*यह स्वीकार कर लिया गया है, जैसा हमने अभी देखा, कि तेरदाल, कोल्हापुर और श्रवण-*बेलगोल शिलालेखोंमें उल्लिखित श्रुतकीर्ति वही हैं जिन्हें पम्पने उद्धृत किया है। पम्पने और तेरदाल शिला-लेख (शक सं० १०४५-११२३ ई०) ने उन्हें व्रती कहा है। परन्तु कोल्हापुर शिलालेखमें उन्हें ११३५ ई० के आचार्यके रूपमें उल्लिखित किया गया है। पम्पने राघव-पाण्डवीयको उनसे सम्बन्धित माना है। विद्वानोंके बीच उसे आश्चर्यजनक इसलिए नहीं स्वीकार किया गया था कि वह द्व्यर्थक काव्य है बल्कि इसलिए कि वह गत-प्रत्यागत प्रकारका था। पाठकने कुछ तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किये है, परन्तु उन्होंने 'धनंजयका दूसरा नाम श्रुतकीर्ति है' यह सिद्ध करनेके लिए कोई प्रमाण नहीं दिया। अतएव वह स्वीकार्य नहीं। यह उक्त तथ्योंसे स्पष्ट है कि भोज धनंजय और उनके द्विसन्धानसे परिचित था। वह और उनका ग्रन्थ स्पष्टतः श्रुत-कीर्ति और उनके राघवपाण्डवीयसे भिन्न है, परन्तु राघवपाण्डवीय प्रकाशमें नहीं आया है। हाँ, कविराज कृत राघवपाण्डवीय अवश्य प्रसिद्ध है, पर इन दोनोंसे वह भिन्न है।

धनंजय पर राघवाचारियरके विचार

एस० ई० व्ही० वीर राघवाचारियरका निघण्टुक धनंजयका काल The date of Nighan tuka Dhananjaya शीर्षक एक लेख जर्नल आव द आन्ध्र हिस्टोरिकल रिसर्च सोसायटी, भाग २, नंबर २, पृष्ठ १८१-८४, राजमुंद्री, १९२७ में प्रकाशित हुआ था। उनका उद्देश्य द्विसन्धान महाकाव्य अथवा राघव पाण्डवीय और धनंजय निघण्टु अथवा नाममालाके रचयिता धनंजयका काल निर्णय करना था।

सुबन्धु और बाणमें श्लेष काव्य रचनेका एक विशेष गुण प्रसिद्ध है, परन्तु उनमें कोई भी द्व्यर्थी कवि नहीं अर्थात् किसीने भी ऐसा काव्य नहीं रचा जो दो कथाओं अथवा सिद्धान्तोंको लिए हुए समानान्तर रूपसे समूचे काव्यमें दो व्याख्याओंको उपस्थित कर सके। राघवपाण्डवीयके रचयिता कविराज (६५०-७२५ ई०) द्व्यर्थी प्रबन्ध लिखने में पूर्ण दक्ष हैं। निघंटुक धनंजय, जो द्विसन्धान काव्यके समकक्ष है, भी उनके इस गुणको पुष्टि करता है। दशरूपककार धनंजयसे ये भिन्न हैं। निघंटुक धनंजयकार राजशेखर (८८०-९२० ई०) और जैन (श्रीदेवी और वासुदेवके पुत्र, देखिए द्विसन्धानकाव्य १८, १४६) से पूर्ववर्ती हैं जब कि ब्राह्मण कुलीन (विष्णुके पुत्र और मुंजका दरबारी कवि) दशरूपककार धनंजय राजशेखरका उत्तरवर्ती है। 'प्रमाणमकलंकस्य' पद्यके अतिरिक्त दो अन्य अधोलिखित पद्य (निघंटु २.४९-५०) भी उद्धृत मिलते हैं (नाममालाके ज्ञानपीठ संस्करणमें अनुपलब्ध)—

जाते जगति वाल्मीकौ शब्दः कविरिति स्मृतः।
कवी इति ततो व्यासे कवयश्चेति दण्डिनि॥
कवयः कवयश्चेति बहुत्वं दूरमागतम्।
विनिवृत्तं चिरादेतत्कलौ जाते धनंजये॥

इन श्लोकोंसे वीर राघवाचारियरने यह अनुमान लगाया है "कि दण्डी (६०० ई० के बाद नहीं) और धनंजयके बीच पर्याप्त अन्तर रहा है।" यह अन्तर ६०० और ८०० ई० के मध्य रखा जा सकता है।

कविराज वामन (८वीं शती) की काव्यालंकार वृत्तिमें उल्लिखित है। उनका समय सुबन्धु और बाणभट्ट (५९०-६५० ई०) के बाद ठहरता है जिनका उल्लेख कविराजने वक्रोक्तिमें दक्ष कविके रूपमें किया है। द्विसन्धान कलापूर्ण है और ऐसा होने पर यदि कविराज धनंजय अथवा उनके द्विसन्धानसे परिचित होता तो निश्चय ही वे उन्हें भी यहाँ (राघवपाण्डवीय, १.४१) सम्मिलित कर लेते। धनंजयका द्विसन्धान काव्यत्व प्रदर्शनकी भव्यता लिये हुए है। वह कविराजके राघवपाण्डवीयसे किसी भी प्रकार हीन नहीं, सम्भवतः (अथवा निश्चित ही) उच्च श्रेणीका हो बैठे। धनंजयने पूर्ववर्ती कवियोंका उल्लेख नहीं किया, अतएव कविराजका उल्लेख नहीं किया होगा, अथवा यह भी कहा जा सकता है कि धनंजय कविराज अथवा उनके काव्यसे अपरिचित रहे हों। इसका कारण उपेक्षा अथवा समयका अन्तराल हो सकता है। अतएव कविराजका समय ६५०-७२५ और निघण्टुक धनंजयका समय ७५०-८०० ई० नियोजित किया जा सकता है।

राघवाचारियरके मतकी समीक्षा

राघवाचारियर जब कभी निषेधात्मक प्रमाणोंका उपयोग करते हैं। यह उल्लेखनीय है कि जल्हण (१२५७ ई०) ने राजशेखर (९०० ई०) के नाम पर धनंजयके पद्यको उद्धृत किया है। इसके बाद कविराज अपने राघवपाण्डवीय (१.१८) में स्पष्टतः धार (९७३-९५ ई०) के मुंजका उल्लेख करते हैं और अपने आश्रयदाता कदम्बवंशीय कामराज (१.१३) के विषय में पर्याप्त कहते हैं। यह समझमें नहीं आता वीर राघवचारियरने इन तथ्योंकी उपेक्षा क्यों की। कविराजका कालनिर्णय करनेके लिए उनका समय आधार रूपमें स्वीकार नहीं किया जा सकता।

वेंकटसुब्वियका खण्डन और विचार

वेंकट सुब्विय 'दी आथर्स आव दी राघवपाण्डवीय एण्ड गद्यचिन्तामणि' नामक शोधपत्र (जर्नल आफ द बी० बी० एस० सीरीज न्यु सीरीज ३, व २, १९२७; पृ० १३४) में पाठकके निष्कर्षका विरोध करते हैं (१) तेरदाल शिलालेखके श्रुतकीर्ति राघवपाण्डवीयके कर्ताके रूपमें पम्परामायणमें उल्लिखित श्रुतकीर्तिसे अभिन्न होना चाहिए (२) श्रुतकीर्ति कविका मूल नाम था और धनंजय मात्र संक्षिप्त नाम था, और (३) वह तथ्य अभिनव पम्प जानते थे जिन्होंने उनका उल्लेख उनके वास्तविक नाम रामायणसे किया है।

वी० सुब्वियके अनुसार अभिनव पम्पकी रामायणका रचनाकाल ११०० ई० के बाद और १०४२ ई० के पूर्व नहीं हो सकता। अतएव श्रुतकीर्तिका राघवपाण्डवीय १०४२ ई० के पूर्व लिखा गया होगा। उन्होंने आर० नरसिंहाचार्यके मतका उल्लेख किया है कि "श्रुतकीर्तिकी रचनाका वर्णन जो पम्पकी रामायण-में किया गया है, गत-प्रत्यागत काव्य प्रकारका है, अर्थात् ऐसा काव्य जिसके एक ओर पढ़नेसे रामकथा और दूसरी ओर पढ़नेसे पाण्डुकथा निकलती है, यह धनंजयके द्विसन्धान काव्यमें लागू नहीं होता। यहाँ यद्यपि एक ही पद्यमें राम और पाण्डुकी कथा शब्द-चमत्कृति दिखाते हुए कही गयी है। फिर भी उसे गतप्रत्यागत काव्य नहीं कहा जा सकता अतएव धनंजयका राघवपाण्डवीय व श्रुतकीर्तिका राघवपाण्डवीय अभिन्न नहीं और इसलिए धनंजय और श्रुतकीर्ति एक नहीं कहे जा सकते।

वादिराज द्वारा पार्श्वनाथ चरित (समाप्तिकाल बुधवार, २७ दिसम्बर १०२५ ई०) में उल्लिखित पूर्वकवि सुब्वियके अनुसार वादिराजके पूर्ववर्ती रहे होंगे। अतएव अधिक सम्भावित यही है कि राघव-पाण्डवीयके रचयिता धनंजय वादिराजके पूर्ववर्ती थे। श्रवणबेलगोल शिलालेख नं० ५४ (६७) में प्राप्त आचार्य परम्परामें मतिसागरके पश्चात् हेमसेन (९८५ ई०) का नाम आता है। इन्हींका दूसरा नाम विद्या-

धनंजय भी था। "अतएव यह कहना अत्युक्ति नहीं होगी कि हेमसेन राघवपाण्डवीय अथवा द्विसन्धान काव्य-के कर्ता हैं और यह काव्य ९६०–१००० ई० में लिखा गया है।"

श्रुतकीर्तिका काव्य प्रकाशमें नहीं आया। वह निश्चित ही संस्कृतमें लिखा गया होगा। तेरदाल और श्रवणबेलगोल शिलालेखके श्रुतकीर्ति ११२३ ई० में विद्यमान थे और उनका राघवपाण्डवीय १०६० ई० के पूर्व नहीं लिखा गया।

अभिनव पम्प द्वारा उल्लिखित श्रुतकीर्ति वही नहीं जिनका उल्लेख शिलालेखमें आया हुआ है, क्योंकि वे भिन्न-भिन्न परम्पराओंसे सम्बद्ध हैं। "इन दोनों श्रुतकीर्ति नामक आचार्योंने राघवपाण्डवीयकी रचनाएँ कीं और वे गतप्रत्यागत प्रकारक पद्योंमें थीं, यह कल्पना तथ्यसंगत नहीं। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उक्त दोनों श्रुतकीर्तियोंमें कोई एक श्रुतकीर्ति ग्रन्थके रचयिता थे और इन श्रुतकीर्तिकी प्रशंसामें भी पम्परामायणमें अथवा श्रवणबेलगोल शिलालेखमें इन पद्योंका उपयोग किया है ताकि द्वितीय श्रुतकीर्ति भिन्न सिद्ध हो सकें। और चूँकि अभिनव पम्प जैसे उच्चकोटिके कविके सन्दर्भमें यह सोचना व्यर्थ है कि उन्होंने अन्य कवियों द्वारा निर्मित पद्योंको अपने ग्रन्थमें सम्मिलित किया होगा, अतः यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गतप्रत्यागत प्रकारक राघवपाण्डवीय पम्प रामायणमें उल्लिखित श्रुतकीर्ति द्वारा रचा गया था न कि उक्त शिलालेखमें उल्लिखित श्रुतकीर्ति द्वारा।"

धनंजय और श्रुतकीर्तिके राघव पाण्डवीय भिन्न-भिन्न ग्रन्थ हैं, और उसमें कोई एक पूर्ववर्ती होंगे। परन्तु मुझे लगता है कि गतप्रत्यागत राघवपाण्डवीय द्विसन्धानकी अपेक्षा अधिक कठिन है और इसलिए उत्तरवर्ती काव्य पहले लिखा गया और श्रुतकीर्तिने अपना ग्रन्थ धनंजयके अनुकरण पर बादमें लिखा। यदि यह विचार तथ्ययुक्त माना जाये तो श्रुतकीर्ति निश्चित रूपसे धनंजयके उत्तरवर्ती होंगे और उन्होंने अपना ग्रन्थ १०००-१२२५ ई० में लिखा होगा।"

पाठकके मतकी विस्तृत समीक्षा करनेके बाद वेंकट सुब्बय्या कविराज और उनके राघवपाण्डवीयके सन्दर्भमें इन निष्कर्षोंपर पहुँचे : कविराजका आश्रयदाता कदम्बवंशीय कामदेव द्वितीय है। कविराज धनंजय-के उत्तरवर्ती हैं, और उनका राघवपाण्डवीय १२३६ और १३०७ ई० के बीच लिखा गया है न कि ११८२-९७ ई० के बीच जैसा कि पाठकने सुझाया है।

वेंकट सुब्बियके निष्कर्षोंकी समीक्षा

वेंकट सुब्बियका यह विचार स्वीकार्य है कि श्रुतकीर्ति और उनका राघवपाण्डवीय धनंजय और उनके राघवपाण्डवीयसे भिन्न हैं। परन्तु उनका यह निष्कर्ष कि तेरदाल और श्रवणबेलगोल शिलालेखमें उल्लिखित श्रुतकीर्ति अभिनव पम्प द्वारा उल्लिखित श्रुतकीर्तिसे भिन्न होंगे, संदिग्ध सम्भावित और भ्रमित प्रमाणोंपर आधारित है। उन्होंने जो कहा वह सही हो सकता है परन्तु जैन आचार्य इतने संकीर्ण विचार-धाराके नहीं रहे कि उन्होंने संघ, गण, गच्छ और बलिसे बाह्य साहित्यकारोंको सम्मान न दिया हो। वादि-राजने अपने काव्यमें अपने पूर्ववर्ती लेखक और आचार्योंका उल्लेख किया है। वे आचार्य और लेखक वादि-राजके पारम्परिक पूर्ववर्ती हों, यह आवश्यक नहीं। धनंजय वादिराजके पारम्परिक पूर्व आचार्य थे और हेमसेन व धनंजय एक थे, यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह एक अन्य पहचान वैसी ही आधारहीन और प्रमाण रहित है जैसी कि पाठककी कल्पना जिसकी वेंकटसुब्बियने कटु आलोचना की है। प्रथम, धनंजय गृहस्थ थे। उन्होंने मुनि अवस्थाका कोई वर्णन नहीं किया और न आचार्य परम्पराका। अतः वे वादि-राजके निकट पूर्ववर्ती होंगे, यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। द्वितीय, धनंजयने अपने किसी भी ग्रन्थमें अपना दूसरा नाम हेमसेन सूचित नहीं किया, और अन्तिम यदि विद्या-धनंजय नाम उपयुक्त माना जाये (क्योंकि उसे 'विद्याधनंजयपदं विशदं दधानो' भी पढ़ा जा सकता है) तो 'विद्या' शब्द ही हेमसेनको किसी अन्य पूर्ववर्ती धनंजयसे पृथक् कर देता है। अथवा यदि धनंजयको अर्जुन रूपमें स्वीकारा जाये तो हेमसेन विद्या धनंजय माने जा सकते हैं। अतएव उनकी यह पहचान और तिथि ९५०–१००० ई० स्वीकार नहीं की जा सकती।

धनंजय पर साहित्यिक इतिहासकार

पाठक, भण्डारकर व अन्य विद्वानोंके अध्ययनसे यह पता चलता है कि साहित्यिक इतिहासकारोंने धनंजय और उनके द्विसन्धानके विषयमें विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की है। एम० विन्टरनित्ज (भा० सा० इ०, भाग ३; जर्मन संस्करण, पृ० ७५, लिपजिग, १९२२, अँगरेजी अनुवाद पृ० ८२-३, वाराणसी १९६३) यह स्वीकार करते हैं कि धनंजयने ११२३-११४० ई० के बीच अपनी उपाधि श्रुतकीर्तिके नामपर ग्रन्थ लिखा। उन्होंने कदम्बवंशीय कामदेव (११८२-९७) के दरबारी कवि कविराजसे उन्हें पूर्ववर्ती माना। वामनकी काव्यालंकार वृत्ति (४.१.१०) में उल्लिखित कविराजसे वे भिन्न हैं। ए० बी० कीथ (ए हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर, पृष्ठ १३७, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, १९४८) ने कहा है कि दिगम्बर जैन लेखक धनंजय, जिन्हें शायद श्रुतकीर्ति कहा जाता था, ने ११२३ और ११४० के बीच अपना ग्रन्थ लिखा। इसके बाद कविराजका नाम आता है जिनका वास्तविक नाम कदाचित् माधव भट्ट था और जिनके आश्रयदाता कदम्बवंशीय राजा कामदेव (११८२-९७) थे। एम० कृष्णमाचारी (हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर, पृ० १६९, १८७, फु० मद्रास, १९३७) धनंजयको नवीं-दसवीं शतीमें रखते हैं और कविराजको १२वीं शतीके उत्तरार्धमें। अन्य प्रमाणोंमें नाममाला (वाराणसी, १९५०) की प्रस्तावना, नाथूराम प्रेमीका जैन साहित्य और इतिहास पृष्ठ १०८, बम्बई १९५६, व ह्वी० गैरोलाका संस्कृत साहित्यका इतिहास, पृ० ३५०-५१, वाराणसी, १९६० भी देखा जा सकता है।

आधुनिक भारतीय भाषाओंमें निर्मित सर्जनात्मक साहित्यपर एक लाख रुपयेकी पुरस्कार योजनासे भारतीय ज्ञानपीठने हमारे देशके शैक्षणिक प्राङ्गणमें गौरवमयी कीर्ति अर्जित की है। देशके गण्यमान्य साहित्यकार इस गौरवशाली पुरस्कारसे सम्मानित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार ज्ञानपीठने संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, तमिल, कन्नड प्राचीन हिन्दीमें लिखित उपेक्षित साहित्यका प्रकाशन कर अपनी शक्ति व साधनका समुचित उपयोग किया है। फलतः लगभग साठ ग्रन्थोंका प्रथम बार प्रकाशन हो चुका है। विद्वत्क्षेत्रमें इन ग्रन्थोंके सम्पादन विधिकी भरपूर प्रशंसा की गयी है। ज्ञानपीठ लोकोदय ग्रन्थमालाने लगभग ३०० हिन्दी ग्रन्थोंका भी प्रकाशन किया है।

धनंजयका द्विसन्धान महाकाव्य संस्कृत साहित्यमें उपलब्ध द्विसन्धान काव्योंमें सर्वाधिक पुराना और महत्त्वपूर्ण काव्य है। वह रामायण और महाभारतकी कथाको समानान्तर रूपसे प्रस्तुत करता है। अर्थात् प्रत्येक पद्य दो अर्थोंको प्रस्तुत करता है, प्रथम अर्थ रामायणसे सम्बद्ध है और द्वितीय अर्थ महाभारतसे। वह संस्कृत भाषाके विविध अर्थशक्तिका सुन्दर निदर्शन है। उसकी संस्कृत व्याख्या सहित सम्पादित एक सुन्दर संस्करणकी आवश्यकता थी।

हम ज्ञानपीठ ट्रस्टके संस्थापक श्रीमान् साहू शान्तिप्रसाद जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह उनकी अभिरुचि और उदारताका परिणाम है कि इस प्रकारका महत्त्वपूर्ण साहित्य ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। श्रीमती रमा जैन, अध्यक्षा ज्ञानपीठ, के भी धैर्य और गाम्भीर्यकी प्रशंसाके लिए शब्द अपर्याप्त हैं, जिनके अमित सहयोगसे इस काव्यका प्रकाशन सम्भव हो सका है। प्रो० खुशालचन्द्र गोरावाला भी हमारे धन्यवादके पात्र हैं जिन्होंने मूर्तिदेवी ग्रन्थमालाके लिए इस ग्रन्थका सम्पादन किया है।

कोल्हापुर
२६ जनवरी १९७०

—हीरालाल जैन
—आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये

द्विसंधानकाव्यस्थवृत्तसूची

वृत्तनाम　　　　सर्गाङ्कः (आंग्लः)　　　　श्लोकाङ्कः (नागरी)

१ अनुकूला 8.३०-३३ ;
२ अनुष्टुम् 7.१-९४ ; 9.१-५१ ; 18.१-१४४ ;
३ अपरवक्त्र 13.३७ ; 15.३४-४४ ; 17.६५-६६ ;
४ इन्द्रवज्रा 8.२१,२३,४१,४२,४४ ; 10.३६ ; 17.८५-८६;
५ इन्द्रवंशा 17.७६ ;
६ उद्गता 17.१-३९ ;
७ उपजाति 2.३१,३३; 3.१-३८,४०; 5.१-६४; 6.४७-४८; 8.१८,२५,२८,२९,३४-४०,४३,४५-४७, ४९,५१,५४,५५,५७; 10.३९,४० ; 11. ३२,३३,३५,३६ ; 12. ४८ ; 13.३०, ३२, ३५ ; 14. २५,२७-२८,३३-३६ ; 16.१-८२ ; 17.४५,४६,५३,५५, ५७,६०, ६२-६४,६८,७३,७७ ;
८ औपच्छन्दसिक 10.४१,४२ ; 13.३१ (विषम चरण); 17.४९,५४,६१,७९ ;
९ जलधरमाला 8.७,११,१३,१५,१७ ;
१० जलोद्धतगति 8.२४ ;
११ तोटक 8.४८,५३;
१२ द्रुतविलम्बित 5.६८ ; 6.५० ; 8.१-५,२० ;
१३ पुष्पिताग्रा 2.३४ ; 5.६७ ; 13.३८ ; 15.१-३३ ; 17.५८,८३ ;
१४ पृथ्वी 13.४४ ;
१५ प्रमिताक्षरा 8.५६ ; 12.१-४६ ; 17.४३,४४,७८,८४ ;
१६ प्रमुदितवदना 13.४०-४१ ;
१७ प्रहर्षिणी 5.६५ ; 8.६,८,२६ ; 9.५२ ; 14.१-२४;
१८ मत्तमयूर 3.३९ ; 8.१४,१९ ; 10.३७-३८ ; 13.१-२८,३६ ; 14.२६ ;
१९ मन्दाक्रान्ता 13.४३ ; 14.३० ;
२० मालिनी 6.५१ ; 13.४२ ; 16.८३,८५; 17.८७ ;
२१ रथोद्धता 8.१२; 10.१,३,५,७,९,११,१३,१५,१७,१९,२०,२१,२३,२५,२७,२९,३१,३३,३५,४४ ; 17.४८,५९ ;
२२ वसन्ततिलका 1.५२ ; 2.३० ; 4.५५ ; 6.५२ ; 8.९,२२,५२ ; 10.४६ ; 11.३४,३८,३९ ; 12.४७,५१,५२ ; 14.३८-३९ ; 15.४६-४८, ५० ; 16.८६-८७ ; 17. ८९,९१ ;
२३ वंशपत्रपतित 8.१६ ;
२४ वंशस्थ 1.१-५१ ; 6.१-४६ ; 10.४३ ; 11.३१ ; 13.३३,३९ ; 17.७१,७२,८२ ;
२५ वियोगिनी 4.१-५४ ; 11.३९ ; 13.३१ (समचरण) ; 17.४१-४२ ;
वैतालीय व वियोगिनी एकच.
२६ वैश्वदेवी 2.१-२९ ; 8.२७ ;
२७ शार्दूलविक्रीडित 7.९५ ; 14.३९ ; 18.१४५-१४६ ;
२८ शालिनी 2.३२ ; 3.४१-४२ ; 6.४९ ; 8.१०,५० ; 11. १-३०,४० ; 12.४९ ; 14.३२ ; 17.४७,७०,७४,७५,८०,८१,९० ;
२९ शिखरिणी 11.३७ ; 12.५० ; 13.३४ ; 14.२९ ; 15.४९ ; 16.८४ ; 17.४० ;
३० स्वागता 5.६६ ; 10.२,४,६,८,१०,१२,१४,१६,१८,२२,२४,२६,२८,३०,३२,३४ ; 14.३७ ; 17.५०,५२,५६,५९,६७, ८८ ;
३१ हरिणी 3.४३ ; 5.६९ ; 8.५८ ; 10.४५ ; 13.२९ ; 15.४५ ; 17.६९ ;

■

महाकविधनञ्जय विरचितम्

द्विसन्धानमहाकाव्यम्

श्रीनेमिचन्द्रकृत 'पदकौमुदी' टीकासमन्वितम्

श्रीमान् शिवानन्दन ईशवन्द्यो भूयाद्विभूत्यै मुनिसुव्रतो वः ।
सद्धर्मसम्भूतिनरेन्द्रपूज्यो भिन्नेन्द्रनीलोल्लसदङ्गकान्तिः ॥ १ ॥
जीयान्मृगेन्द्रो विनयेन्दुनामा संवित्सदाराजितकण्ठपीठः[१] ।
प्रक्षिप्तवादीभकपोलभित्तिं प्रमाक्षरैः स्वैर्नखरैर्विदार्य ॥ २ ॥
तस्याथ[२] शिष्योऽजनि देवनन्दी सद्ब्रह्मचर्यव्रतदेवनन्दी ।
[३]पदाम्बुजद्वन्द्वमनिन्द्यमर्च्यं तस्योत्तमाङ्गेन नमस्करोमि ॥ ३ ॥
त्रैलोक्यकीर्तेश्चरणारविन्दं पारे नयार्णोऽधितरां प्रणम्य ।
[४]यियासतां राघवपाण्डवीयां टीकां करिष्ये पदकौमुदीं ताम् ॥ ४ ॥

इदानीम् "नास्तिकत्वपरिहारः शिष्टाचारप्रपालनं पुण्यावाप्तिर्निर्विघ्नञ्च शास्त्रादौ तेन संस्तुतिरिति मनसि [५]कृत्वेक्ष्वाकुवंशोत्तंसीभूतस्य सकल[६]भूतलैकच्छत्रितयशोमण्डलस्य दशरथतनयस्य सल्लक्ष्मणो लक्ष्मणान्वितस्य त्रैलोक्यकण्टकमानमर्दनस्य रामस्य धीरोदात्तगुणास्पदस्य तथा पाण्डुराजस्य राजाधिराजनम्रमुकुटतटजटितमणिगणकरनिकररञ्जितपादारविन्दानां सोमवंश्यानां धीरोदात्तानाञ्च (राज्ञां) कथोद्योतनार्थं भगवतोर्मुनिसुव्रतनेम्योर्नमस्कारं कुर्वतो द्विसन्धानकवेर्धनञ्जयस्य काव्यस्य नान्दीश्लोकं व्याख्यास्यामः ।

अन्तरंग तथा वहिरंग लक्ष्मीके स्वामी अतएव इन्द्रके द्वारा वन्दित शिवादेवीके नन्दन श्री मुनिसुव्रतनाथ [की भक्ति] आप लोगोंकी सम्पत्तिका कारण हो। इनके शरीरका रंग तुरन्त तोड़े गये इन्द्रनीलमणिके समान है तथा रत्नत्रयमय समीचीन धर्मके प्रकाशक होनेके कारण वे चक्रवर्तियोंके द्वारा पूजे जाते हैं ॥१॥ आचार्य विनयचन्द्र रूपी सिंह चिरजीवी हों जिन्होंने न्याय वाक्य रूपी अपने नखोंके द्वारा मदान्ध वादी (शास्त्रार्थकर्ता) रूपी हाथियोंके मस्तकोंको फोड़ (झुका) दिया था तथा जिनके कंठरूपी सिंहासन पर भगवती शारदा सदा विराजमान थीं ॥२॥ इनके शिष्य देवनन्दी हुए थे जो निरतिचार ब्रह्मचर्यव्रतके पालनमें ही स्वर्गोंका सुख मानते थे। सबके द्वारा प्रार्थित तथा पूज्य इनके चरणकमलोंके युगलको मस्तक झुका कर प्रणाम करता हूं ॥३॥ देवनन्दीकी कीर्ति तीनों लोकोंमें व्याप्त है। न्यायरूपी समुद्रको पार करनेके इच्छुकोंके लिए उनके चरणकमल नौकाके समान हैं। इन चरणोंको भलीभांति प्रणाम करके राघव-पाण्डव कथामय इस द्विसन्धान काव्यकी 'पदकौमुदी' नामकी टीका करता हूं, जो कि इसके पढ़नेवालोंको पार लगायेगी।

सम्प्रति "नास्तिकताके परिहार, शिष्टाचारका पालन, पुण्यकी वृद्धि तथा विघ्नोंके विनाशके लिए शास्त्रके प्रारम्भमें इष्टदेवकी स्तुति करनी चाहिए।" इस भावनाको मनमें लाकर इक्ष्वाकु वंशके मुकुट, सकल भूतलपर छत्रके समान छाये यशके स्वामी, शुभ लक्षण समन्वित, लक्ष्मीसे वेष्टित, तीनों लोकोंके उपद्रवोंके मर्दक तथा धीरोदात्त नायक महाराज दशरथके पुत्र रामचन्द्रजी तथा नमस्कार करते हुए राजाधिराजाओंके मुकुटोंपर जड़े मणिसमूहसे निकली किरणोंकी राशिसे रञ्जित चरणकमलधारी, चन्द्रवंशमें उत्पन्न, धीरोदात्त नायक पाण्डु राजाओंकी कथाको प्रसिद्ध करनेके लिए द्विसन्धानकाव्यके निर्माता कवि धनञ्जय-द्वारा किये गये भगवान् मुनिसुव्रतनाथ तथा नेमिनाथके नमस्कारके द्योतक मंगलश्लोककी व्याख्या करता हूं।

---

१. पाठः प० । २. -त्र प०, द० । ३. पादा- प०, द० । ४. ग्रन्थमिति शेषः । ग्रन्थपारं गन्तुमिच्छतामित्यर्थः । ५. मनसिकृत्य- प० । ६. भुवस्त- प०, द० ।

[1]श्रियं जगद्बोधविधौ विहायसि व्यदीपि नक्षत्रमिवैकमुद्गतम् ।
स यस्य वस्तीर्थरथस्य सुव्रतः प्रवर्तको नेमिरनश्वरीं क्रियात् ॥ १ ॥

श्रियमिति । स सुव्रतो नाम [2]विंशतितमतीर्थङ्करः अनश्वरीं नित्यां मोक्षेणोपलक्षितां श्रियं लक्ष्मीं क्रियात् । केषाम् ? वो युष्माकम् । कथम्भूतः ? तीर्थरथस्य—तीर्थम् आगमः तदेव रथः शकटस्तस्य प्रवर्तकः प्रवर्तयिता । किं विशेषणाङ्कितः सन् ? नेमिः नीयते ह्रियते[3] चक्रमनेनेति निर्वचनाच्चक्रधारा[4] । न हि नेमिमन्तरेणान्यो रथः सुखेन यातीत्यतो नेमिर्भूत्वा प्रवर्तक इति भावः । यस्य बोधविधौ केवलज्ञानानुष्ठाने । जगद्व्यदीपि भाति स्म । किमिव ? विहायसि गगने, उद्गतम् उदितम् । एकं नक्षत्रमिव । एतेन भगवतो ज्ञानस्यानन्त्यं सूचितमस्तीति भावः ।

इदानीं भारतीयः पक्षः—स नेमिः शिवानन्दनो द्वाविंशतितमस्तीर्थंकरोऽनश्वरीं श्रियं नित्यां लक्ष्मीं क्रियात् । किंविशिष्टः ? प्रवर्तकस्तीर्थरथस्य तीर्थचक्रिणः, सन् । वो युष्माकम् । पुनः किंविशिष्टः ? सुव्रतः शोभनानि निरतिचाराणि व्रतानि यस्य स तथोक्तः । यस्य बोधविधौ बोध एव विधुश्चन्द्रस्तस्मिन् बोधविधौ सति तथा जगद्भुवनं व्यदीपि, अभासिष्ट इव यथा विहायसि नभस्तले, बोधविधौ-सकलकलाकलापपरिपूर्णे चन्द्रे सति, नक्षत्रमेकमुद्गतं भाति । अत्र स एव भावः पूर्वोक्तः ।

अथ कवेः सुव्रतनेम्योर्नमस्कारकरणादेव रामायण भारतीयकथयोः कालः सूचितो भवतीत्याशयः । अत्र विप्रतिपद्यते कथं न चतुर्विंशतितीर्थकर्तॄणां साधारणत्वात् समानधर्मत्वाच्च द्वयोरेवाङ्गीकरणे कवेरपरीक्षकत्वाभिधानलक्षणो नाम पक्षपातप्रसङ्गः स्यात् ? न हि जैनानां क्वचित्कदाचित्कथञ्चित्कुतश्चित्कस्मिंश्चिद्वस्तुनि परीक्षकत्वाभावाद्विचारमन्तरेण पक्षपातोऽस्ति । नैवं मतम् । तेषां तीर्थकरसमुदायस्यापि ग्रहणात् । सुव्रतनेम्योर्ग्रहणादेव तीर्थकरसमुदायः कथंकारं लब्ध इति चेत्; नैवम्, स्यात्कारमुद्रामुद्रितस्य तस्याश्रयणात् । शब्दानामनेकार्थाभिधायकत्वात् । यथा श्वेताश्वोऽत्र त्रयाणां ग्रहणम् । शुक्लतुरंगमस्य तथा तृतीयपाण्डवस्यार्जुनस्य भूरुहविशेषस्य चेति तथा सुव्रतोऽप्येकतीर्थंकरस्तीर्थंकरसमुदायो वा भवति, तस्य ग्रहणम् ।

अन्वय—तीर्थरथस्य प्रवर्तको नेमिः स सुव्रतः वः अनश्वरीं श्रियं क्रियात्, यस्य बोधविधौ विहायसि उद्गतं एकं नक्षत्रमिव जगत् व्यदीपि ।

जिनतीर्थ (धर्म) रूपी रथके आवर्तनके लिए धुरा-स्वरूप उन भगवान् मुनिसुव्रतनाथ [की भक्तिके प्रसादसे] आप लोगोंको अनन्तकाल पर्यन्त स्थायी मोक्ष-लक्ष्मी हो, जिनके केवलज्ञान रूपी चन्द्रमासे समस्त जगत् वैसे ही चमक उठा था जैसे नक्षत्रोंके अग्रणी सूर्यके आकाशमें उदित होनेपर होता है ॥१॥

अन्वय—तीर्थरथस्य प्रवर्तकः सुव्रतः स नेमिः······ ।

जिनशासनरूपी रथके पुनः प्रवर्तक, निरतिचारव्रती भगवान् नेमिनाथ [की भक्तिके प्रसादसे] आप लोगोंको वह लक्ष्मी हो जिसका कभी विनाश नहीं होता है । तथा जिनके केवलज्ञानकल्याणककी विधि हो जानेपर सारा संसार वैसे ही आलोकित हो उठा था जैसा प्रमुख नक्षत्र सूर्यके आकाशमें उदित होनेपर समस्त लोक होता है ।

विशेषार्थ–बीसवें तीर्थंकर भगवान् मुनिसुव्रतनाथ तथा बाईसवें तीर्थंकर भगवान् नेमिनाथको नमस्कार करनेसे श्री रामचन्द्रजी तथा श्री कृष्णचन्द्रजीके समयका संकेत हो जाता है । चौबीसों तीर्थंकरोंके एक सदृश तथा समानधर्मी होनेपर भी केवल उक्त दो तीर्थंकरोंको नमस्कार करनेके कारण क्यों न कविको अपरीक्षक तथा पक्षपाती कहा जाय ? जैनियोंको किसी भी वस्तुमें, किसी भी स्थानपर, किसी भी समय, किसी भी कारणसे परीक्षा तथा विचार विना रञ्चमात्र भी पक्षपात नहीं होता है । अतः यहां भी नामोक्त दो तीर्थंकरोंसे

---

१. सर्गेऽस्मिन्वंशस्थं वृत्तम् । तल्लक्षणम्–"जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ" वृ० र० ३।४७ ।
२. विंशस्ती– द० । ३. सुखमनेन च- प०, द० । ४. -रा नेमिः – प०, द० ।

तद्यथा—

स सुव्रतः शोभनानि व्रतानि यस्य तीर्थंकरसमुदायस्य स तथोक्तः। क्रियात्। श्रियमनश्वरीं निर्विघ्नां लक्ष्मीम्। किंविशिष्टो, नेमिः, नीयन्ते प्राप्यन्ते सुरनरनागेन्द्राणां विभूतिं प्राणिनो धर्मपरा येनासौ नेमिः, स्वर्गफलानां विभूतीनां निःश्रेयसपर्यन्तानां दातेति भावः केषां, वो युष्माकम्। किंविशिष्टः सन्, प्रवर्त्तकः प्रणेता वोढा। कस्य, तीर्थरथस्य। यस्य घातिचतुष्टयक्षयात् क्षत्रं कैवल्यस्वभाव उद्धतं समुत्पन्नं सत्, एकमिव न व्यदीपि? अपि तु अनेकमिव शोभितम्। क्व, जगद्बोधविधौ, जगतां लोकानां बोधो हेयोपादेयफलस्तस्य विधिर्निर्माणं, तस्मिंस्तथोक्ते। किंविशिष्टे? विहायसि। विहायो विधिरूपम्। ओहाङ् गतौ। विहानं विहा। विशिष्टा गतिरनन्यसंभाविनी[1]। यस्, क्विपि रूपम्। यस् प्रयत्ने। यसनं यस्, प्रयत्नः। विहो विशिष्टगतेर्यस् प्रयत्नो यस्मिन्नसौ विहायस्तस्मिन् समवसरणप्रयत्ने, इत्यर्थः। एतेन समवसरणविहारप्रक्रमः कथितो भवतीत्यभिप्रायः काव्यटीकाकर्त्तुरल्पमतिप्रज्ञेन ॥१॥

इदानीं श्रुतस्कन्धदेवतां वनदेवताव्याजेन (साम्येन) नमस्करोति—

सतीं श्रुतस्कन्धवने विहारिणीमनेकशाखागहने सरस्वतीम्।
गुरुप्रवाहेण जडानुकम्पिना स्तुवेऽभिनन्द्ये वनदेवतामिव ॥२॥

सतीमिति। स्तुवे स्तवीमि। कां, सरस्वतीं सर्वज्ञभारतीम्[2]। किंविशिष्टां सतीं पूर्वापरप्रमाणबाधारहिताम्। पुनः विहारिणीं विहरणशीलाम्। क्व, श्रुतस्कन्धवने श्रुतस्कन्धो द्वादशाङ्गं चतुर्दशपूर्वमिति यावत्, स एव वनं तस्मिंस्तथोक्ते। पुनः कथम्भूते, अनेकशाखागहने, अनेकशाखाः, प्राभृतकादीनि यावत्। ताभिर्गहने

'तीर्थंकरसमुदाय' तात्पर्य है। मुनिसुव्रत तथा नेमिनाथकी स्तुति करनेसे तीर्थंकर समुदायकी स्तुति कैसे होगी? यदि यह प्रश्न है तो स्याद्वाद दृष्टिकी शरण लेनेसे यह नहीं ही टिकेगा। शब्दोंके अनेक अर्थ होते हैं। 'श्वेताश्व' कहनेसे सफेद घोड़ा, पाण्डव अर्जुन तथा कांयफल वृक्षका ज्ञान होता है इसी प्रकार सुव्रत-नेमि समस्त तीर्थंकरोंके द्योतक हैं–

अन्वय—सुव्रतः नेमिः सः तीर्थरथस्य प्रवर्तकः[3] वः अनश्वरीं श्रियं क्रियात् यस्य उद्गतं क्षत्रं विहायसि जगद्बोधविधौ एकमिव न व्यदीपि।

निरतिचार महाव्रती, स्वर्गसे लेकर मोक्षपर्यन्त स्थलोंमें ले जानेवाले तीर्थ (धर्म) रूपी मार्गके प्रवर्तक उन तीर्थंकरकी भक्तिके प्रसादसे आप लोगोंको निर्बाध महालक्ष्मीकी प्राप्ति हो, जिनका ज्ञानावरणी आदि चार घातिया कर्मोंके क्षयसे उत्पन्न कैवल्यरूपी क्षत्र चलती हुई सभा (समवशरण) में संसारको हेय-उपादेय आदिका बोध कराता हुआ एक प्रकारसे ही नहीं चमका था अपितु अनन्त रूपोंमें प्रकट हुआ था ॥१॥

अब वनदेवताके उपलक्षणसे श्रुतस्कन्धको नमस्कार करते हैं–

अन्वय—[4]जडानुकम्पिना गुरुप्रवाहेण अभिनन्द्ये अनेकशाखा[5]गहने श्रुतस्कन्धवने विहारिणीं वनदेवतामिव सतीं सरस्वतीं स्तुवे ॥२॥

कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य विवेकहीन मूर्खोंके उद्धारक गुरुओंकी परम्परासे उत्तरोत्तर वर्द्धमान, प्राभृत आदि अनेक शाखाओं (भेदों) से गहन द्वादशांग तथा चतुर्दश पूर्व रूपी शास्त्रके वनमें विचरण करनेवाली अतएव वनदेवीके समान, पूर्वापर विरोध आदि दोषोंसे रहित होनेके कारण सती सर्वज्ञकी वाणी (दिव्य ध्वनि) की विनती करता हूं।

वरुण देवताकी कृपासे आये महान पूरके द्वारा बढ़ाये गये शाखाओंके विस्तारके कारण अगम्य तथा वृक्षोंके पुष्ट तथा उन्नत तनोंके लिए प्रसिद्ध वनमें विचरण करनेवाली अतएव साध्वी सरस्वतीके समान वनदेवीको नमस्कार करता हूं ॥२॥

---

१. सम्भविनी प०। २. वाणीम् द०। ३. 'जातावेकवचनम्'। ४. "डलयोरभेदः" अतएव वनदेवतापक्षे 'जलानुकम्पिना....' इत्यादि। ५. 'शाखा प्राभृतकादीनि'।

घने । पुनः कथम्भूते, अभिनन्द्ये, अभि समन्ताद्वर्धनीये । केन, कर्त्रा गुरुप्रवाहेण, गुरवो गणधरादयस्तेषां प्रवाहः परम्परा, तेन । कथम्भूतेन ? जडानुकम्पिना, जडा हेयोपादेयविकला:[1],ताननुकम्पते, अनुकम्पाविषयीकरोतीत्येवंशीलस्तेन । कामिव वनदेवतामिव वनलक्ष्मीमिव । कथम्भूतां वनदेवताम् ? सतीं साङ्गोपाङ्गसम्पूर्णलक्षणाम् । पुनः कथम्भूताम् ? विहारिणीं[2], प्रकर्षेण विहरणशीलाम् । क्व ? श्रुतस्कन्धवने श्रुता विख्याताः स्कन्धाः शाखाजन्मस्थानानि [तेषां[3] वनम् तस्मिन् । कथम्भूते अनेकशाखागहने अनेकाश्च ताः शाखा विटपजन्मस्थानानि तैर्गहने] निविडे । पुनः कथम्भूते, अभिनन्द्ये अभिवर्द्धनीये । केन, गुरुप्रवाहेण गरिष्ठपूरेण । कथम्भूतेन जडानुकम्पिना, जलानुकम्पिनेति सम्बन्धः[4] ॥२॥

चिरन्तने वस्तुनि गच्छति स्पृहां विभाव्यमानोऽभिनवैर्नवप्रियः ।
रसान्तरैश्चित्तहरैर्जनोऽन्धसि प्रयोगरम्यैरुपदंशकैरिव ॥३॥

चिरन्तन इति । जनो लोको गच्छति[5] । कां, स्पृहाम्[6] । कस्मिन्, वस्तुनि पदार्थे । किंविशेषणाङ्किते ? चिरन्तने, पुरातने । कथम्भूतो जनः ? नवप्रियो नूतनाभिलाषुकः । पुनः कथम्भूतो, विभाव्यमानः, आह्लाद्यमानः । कैः ? रसान्तरैः, "*श्रृङ्गारहास्यकरुणारौद्रवीरभयानकाः । बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्ये रसाः स्मृताः ॥*" [मं० अ० चि० ८५] इति रसेष्वेकैकस्य निवृत्तेरुत्तरोत्तरतया समुत्पद्यते इति कृत्वा रसान्तराणि । कथम्भूतैः ? अभिनवैः, प्रत्यग्रैः । पुनश्चित्तहरैश्चेतोरञ्जकैः । पुनः प्रयोगरम्यैः शब्दरचनारमणीयैः । इव यथार्थे । यथोपदंशकैर्व्यञ्जनैः । नवप्रियो नूतनाभिलाषी जनः । अन्धसि भक्ते । स्पृहां वाञ्छाम् । गच्छति प्राप्नोति । कथम्भूतैस्तैः ? प्रयोगरम्यैः, संस्कारविशेषोत्कर्षमनोहरैः । किंविशिष्टः सन् ? विभाव्यमानो रम्यमाणः । कैः ? *रसान्तरैः—स्वाद्वम्ललवणतिक्तोष्णकषायका एते यदैकस्मिन् मिश्रा जायन्ते ततो रसान्तराणि, तैः । किंविशिष्टैः ? चित्तहरैश्चित्ताह्ला*[7]*दिभिरिति*[8] ॥३॥

स जातिमार्गो रचना च साऽऽकृतिस्तदेव सूत्रं सकलं पुरातनम् ।
विवर्त्तिता केवलमक्षरैः कृतिर्न कञ्चुकश्रीरिव वर्ण्यमृच्छति ॥४॥

स इति । स जातिमार्गो जगतीपङ्क्त्यादिछन्दःपद्धतिः । चकारोऽत्रावधारणार्थो गम्यते । रचना सैव, पदन्यासः । सैव आकृतिर्गद्यपद्यादिबन्ध[9]लक्षणः संस्थानविशेषः, सा कथा, एकपुरुषाश्रितं चरित्रं सकलं समस्तम् । तदेव सूत्रम्, गद्यपद्यबन्धादिषु शास्त्रेषु सूत्र्यन्ते रच्यन्ते गुम्फ्यन्ते कथारूपतया अर्था येन तत्सूत्रमिति

अन्वय—चित्तहरैः अभिनवैः रसान्तरैः प्रयोगरम्यैः उपदंशकैः विभाव्यमानः नवप्रियः जनः अन्धसि इव चिरन्तने वस्तुनि स्पृहां गच्छति ॥३॥

